घोषणा • सीएम बोले- बिरसा मुण्डा ने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था

बिरसा मुण्डा की स्मृति में 15 नवंबर को मनाएंगे जनजातीय गौरव दिवस

भास्कर न्यूज | रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान मुंडा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती है। प्रदेश में भी इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' विषय पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनमंत्री केदार कश्यप ने की। विधायक भईयालाल राजवाड़े विशेष अतिथि थे। साय ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का शौर्य हमें हमेशा जीवन

में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था। प्रधानमंत्री ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री कल हजारीबाग से प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है।